भाकृअनुप–केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान
अविकानगर (तहसील मालपुरा, जिला टोंक) राजस्थान

विज्ञापन संख्या सीएसडब्ल्यूआरआई / 03 / 2021 दिनांक 12.10.2021

भाकृअनुप–केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर में संविदा के आधार पर एक **चिकित्सा अधिकारी** की नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों को दिनांक 12.11.2021 को पूर्वाहन 11.00 बजे आयोजित होने वाले साक्षात्कार (वॉक–इन–इंटरव्यू) के लिए आमंत्रित किया जाता है।

परिलब्धियां : रू. 40,000 / – प्रति माह (मकान किराया भत्ता और सीसीए सहित)

योग्यता : आवश्यक – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से एमबीबीएस

वांछनीय – सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने का एक वर्ष का अनुभव।

आयु सीमा : कोई आयु सीमा नहीं।

परिलब्धियों को भाकृअनुप के नियमानुसार समय–समय पर संशोधित किया जा सकता है।

आवास : संस्थान आवासीय सुविधा प्रदान करेगा, जबकि लाइसेंस शुल्क, बिजली बिल और पानी का शुल्क नियुक्त चिकित्सक द्वारा वहन किया जाएगा।

अनुबंध की अवधि पूर्ण रूप से अस्थायी आधार पर होगी, आरंभ में नियुक्ति केवल एक वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे आगे बढ़ाया जा सकता है। अनुबंध को बिना कोई कारण बताए किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। चयनित उम्मीदवारों को अनुबंध की पूरी अवधि के लिए भाकृअनुप– सीएसडब्ल्यूआरआई, अविकानगर में काम करना होगा। इच्छुक उम्मीदवारों को सभी मूल प्रमाण–पत्र और अपनी योग्यता की डिग्री के साथ सत्यापित प्रतियों के एक सेट, जन्म तिथि का प्रमाण एवं नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो लानी होगी। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

कार्यालय प्रमुख